बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

निबंधित कार्यालय, विद्युत भवन बेली रोड, पटना–800021

कार्यालय आदेश संख्या 725 T-5/Misc-पुनर्गठन-49021/2018 पटना, दिनांक 31/08/18

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अधिन कुल 07 (सात) दूरसंचार प्रमंडल कार्यरत है। साथ हीं दूरसंचार तकनीशियन, दूरसंचार पर्यवेक्षक आदि विभिन्न ग्रिड उपकेन्द्रों में पदस्थापित हैं। वर्तमान में उक्त प्रमंडल एवं ग्रिड उपकेन्द्रों में दूरसंचार से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का नियंत्री पदाधिकारी कंपनी मुख्यालय में पदस्थापित दूरसंचार के वि0 अ0 अभि0 हैं। साथ हीं वेतन आदि का भुगतान भी कंपनी मुख्यालय से हीं होता है। फलस्वरुप इनकों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतएव उक्त के आलोक में निम्न निर्णय लिया जाता है:–

1. दूरसंचार प्रमंडल संबंधित संचरण अंचल के नियंत्रणाधीन कार्य करेगा। संबंधित अंचल के वि0 अ0 अभि0 दूरसंचार प्रमंडल के वि0 का0 अभि0 के नियंत्री पदाधिकारी होंगें।
2. ग्रिड उपकेन्द्रों में पदस्थापित दूरसंचार से संबंधित कर्मियों के लिए उस ग्रिड उपकेन्द्र के स0 का0 अभि0 नियंत्री पदाधिकारी होंगें तथा आवश्यकतानुसार वे इनसे अनुरक्षण एवं परिचालन का कार्य भी ले सकेंगें।
3. क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित दूरसंचार के कर्मियों का स्थापना कार्य संबंधित संचरण प्रमण्डल कार्यालय के द्वारा किया जाएगा तथा इनके सेवोत्तर आदि लाभों की स्वीकृत केन्द्रीय संवर्ग के कर्मियों की भॉति किया जाएगा।
4. क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित दूरसंचार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी संबंधित अंचल कार्यालय के लेखा पदाधिकारी होंगें।
5. क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थापित दूरसंचार के कर्मियों के सेवोत्तर लाभों आदि की स्वीकृत केन्द्रीय संवर्ग के कर्मियों की भॉति किया जाएगा।

आदेश से

31/8

(आर0 एन0 लाल)
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)

ज्ञापांक 3122 पटना, दिनांक 31/08/18

प्रतिलिपि निदेशक (परिचालन)/ निदेशक (परियोजना), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना/ सभी महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सभी मुख्य अभियंता, संचरण/ सभी महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, संचरण जोन/ उप महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)/ उप महाप्रबंधक (कार्मिक)/ उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ उप महाप्रबंधक (जन–सम्पर्क)/ सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/ उप सचिव/ वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव/ डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर/ प्रशासी पदाधिकारी/ लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सभी संबंधित पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/8

(आर0 एन0 लाल)
महाप्रबंधक (मा0सं0 / प्रशा0)